## जॉर्डन पर मिसाइल हमले के बाद जवाबी कार्रवाई, ईरान की पांच मिसाइलों को मार गिराया

# ईरान पर फिर अमेरिकी बमबारी, युद्ध और भड़का

ईरान के केशम शहर में स्थित एक ठिकाने पर बुधवार रात अमेरिका द्वारा की गई बमबारी के बाद उठता धुआं। ● संवाददाता

**वॉशिंगटन/काहिरा, एजेंसी।** जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान के मिसाइल हमले के जवाब में अमेरिका ने गुरुवार तड़के ईरान में दर्जनों ठिकानों पर हमले किए। इससे पश्चिम एशिया में जारी जंग और भड़क गई है। साथ ही अब इसकी चपेट में कई नए देश भी आ गए हैं।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने एक्स पर कहा कि हमले के दौरान ईरान के दर्जनों सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इन हमलों का उद्देश्य ईरान की उस सैन्य क्षमता को कमजोर करना है, जिससे वह क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैनिकों, अमेरिका के अरब सहयोगियों और अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार के लिए खतरा पैदा कर रहा है। इस बीच ईरान ने उत्तरी कुवैत में एक इमारत को निशाना बनाया, जिसमें एक कर्मचारी की मौत हो गई और इमारत को भारी नुकसान पहुंचा। कुवैत की सेना ने इसकी पुष्टि की। वहीं जॉर्डन ने कहा कि उसने ईरान की ओर से दागी गई पांच मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया। बता दें कि पिछले सप्ताह अमेरिका और ईरान ने कूटनीतिक प्रयासों को मौका देने के लिए हमले अस्थायी रूप से रोक दिए थे, लेकिन मंगलवार रात यह विराम समाप्त हो गया।

**चीनी कंपनी की इमारत पर हमला :** जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरानी मिसाइल हमले के जवाब में अमेरिका ने गुरुवार तड़के ईरान के दर्जनों सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला किया। इसके कुछ ही घंटों बाद ईरान ने उत्तरी कुवैत में एक चीनी कंपनी की इमारत को निशाना बनाया, जिसमें एक नेपाली कर्मी की मौत हो गई। इमारत को भारी नुकसान पहुंचा।

**सऊदी तेल प्रतिष्ठानों पर हमले का आरोप :** सऊदी अरब ने आरोप लगाया कि हाल के दिनों में इराक की ईरान समर्थित मिलिशिया ने उसके तेल प्रतिष्ठानों पर ड्रोन हमले किए। हालांकि इराकी मिलिशिया के एक गठबंधन ने इन आरोपों से इनकार किया है।

### होर्मुज से रवाना हुआ कतर का व्यापारिक पोत

कतर ने तीन हफ्ते बाद होर्मुज के रास्ते एलएनजी का एक पोत रवाना किया। इससे संकेत मिला कि कतर एनर्जी ने 7 जुलाई को अल रेकय्यात गैस वाहक पर हमले के बाद रोकी गई एलएनजी आपूर्ति फिर शुरू करनी शुरू कर दी है।

### होर्मुज जलमार्ग में अमेरिकी नाकेबंदी जारी

सेंटकॉम ने कहा कि उसकी सेनाएं ईरान के खिलाफ होर्मुज में अमेरिकी नाकेबंदी को लागू करना जारी रखे हुए है। इस नाकेबंदी का मुख्य उद्देश्य ईरान के तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात को रोकना है।

### बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया

ट्रंप ने बुधवार को कहा कि अब हमारी बारी है और हम उन पर कड़ा प्रहार करेंगे। हालांकि, शुरुआती जानकारी के अनुसार अमेरिका के ताजा हमलों में किसी नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया गया। ट्रंप कई बार ईरान के पुलों और बिजली संयंत्रों पर हमले की चेतावनी दे चुके हैं।

### सऊदी और इराक भी टकराव में शामिल

सऊदी अरब और इराक भी अब इस टकराव में सीधे प्रभावित हो गए हैं। सऊदी ने इस सप्ताह अपने तेल प्रतिष्ठानों पर हुए हमलों के जवाब में अमेरिका के साथ मिलकर इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया ठिकानों पर कार्रवाई की।

# मिस्र के बंदरगाह पर दो एलएनजी पोतों पर हमला

■ मिस्र के समुद्री क्षेत्र में यह पहला हमला, अमेरिकी पोत को बनाया निशाना

**काहिरा, एजेंसी।** मिस्र के दमियाता बंदरगाह पर बुधवार को दो एलएनजी पोतों पर ड्रोन हमले हुए, जिससे दोनों में आग लग गई। इनमें एक अमेरिकी स्वामित्व वाला पोत और एक यूनानी स्वामित्व वाला टैंकर शामिल है। हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

मिस्र के पीएम कार्यालय ने प्रारंभिक जांच के आधार पर कहा कि आग ड्रोन हमले के कारण लगी। अब तक किसी संगठन या देश ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। यदि यह हमला ईरान या उसके सहयोगियों द्वारा किया गया पाया जाता है, तो यह युद्ध के दायरे के और विस्तार का संकेत होगा।

मिस्र अब तक इस संघर्ष के दौरान प्रत्यक्ष सैन्य कार्रवाई से लगभग अछूता रहा था। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद मिस्र के समुद्री क्षेत्र में किसी टैंकर पर यह पहला हमला है।

# 'काला सागर में भारतीयों पर हो रहे हमले अस्वीकार्य'

■ जयशंकर ने यूक्रेन के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत में जताया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अपने यूक्रेनी समकक्ष अंद्री सिबीहा के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान जयशंकर ने काला सागर में वाणिज्यिक पोतों और भारतीय नाविकों पर हो रहे हमलों पर कड़ा विरोध जताया।

उन्होंने कहा कि किसी भी पक्ष द्वारा ऐसे हमले किया जाना बिल्कुल अस्वीकार्य है और भारत बिना किसी शर्त के इनकी निंदा करता है। यह फोन वार्ता भारत द्वारा यूक्रेनी राजदूत ओलेक्जेंडर पोलिशचुक को तलब करने और काला सागर में एक मर्चेंट वेसल पर हुए हमले में भारतीय नाविक की मौत पर सख्त विरोध दर्ज कराने के कुछ ही दिनों बाद हुई है।

बता दें, हाल ही में काला सागर में रूस और यूक्रेन दोनों पक्षों द्वारा किए गए हमलों में 5 भारतीय नाविकों की जान जा चुकी है, जबकि दो अन्य लापता बताए जा रहे हैं।

## देश-विदेश 30s

### तिब्बत में चीन का ड्रोन अनुसंधान केंद्र बना

बीजिंग। चीन ने तिब्बत में माउंट एवरेस्ट के पास उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए ड्रोन तकनीक विकसित करने के उद्देश्य से एक विशेष अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र स्थापित किया है। इसका मकसद कठिन पर्वतीय इलाकों में सीमा निगरानी, सुरक्षा, रसद, परिवहन और आपातकालीन आपूर्ति जैसी गतिविधियों के लिए मानव रहित विमानों (यूएवी) का इस्तेमाल बढ़ाना है।

### पाक में हमला, नौ पुलिसकर्मी समेत 24 मरे

पेशावर। एजेंसी। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में चरमपंथियों के हमले में नौ सुरक्षाकर्मी और 15 चरमपंथी मारे गए। यह हमला अफगानिस्तान की सीमा से सटे खैबर पख्तूनख्वा के हंगू जिले में खजाना बांदा चेकपोस्ट पर हुआ। गुरुवार को पुलिस ने बताया कि मरने वालों में सीनियर अधिकारी भी शामिल हैं। दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हैं। अभी हमले की जिम्मेदारी किसी गुट या व्यक्ति ने नहीं ली है।

### लाहौर में तीन मंजिला मकान ढहा, 11 की मौत

लाहौर। पाकिस्तान के लाहौर शहर में तीन मंजिला मकान ढहने से एक ही परिवार के 11 लोगों की मलबे में दबकर मौत हो गई। एक अधिकारी ने गुरुवार को जानकारी दी। लाहौर के घनी आबादी वाले निचले इलाके हरबंसपुरा में बुधवार देर रात जब यह हादसा हुआ, तब मकान में जन्मदिन का जश्न मनाया जा रहा था। भारी मानसूनी बारिश के कारण यह इमारत कमजोर हो गई थी।

### जम्मू-कश्मीर में पांच आतंकियों की जमीन कुर्क

श्रीनगर। पाक से आतंकी गतिविधियां संचालित कर रहे रियासी जिले के पांच आतंकियों की जमीन गुरुवार को कुर्क की गई। जिनकी संपत्ति कुर्क की गई, उनकी पहचान अल्ताफ दीन, गुलाम मोहम्मद, मोहम्मद अशरफ, शबीर अहमद और बहार दीन के रूप में हुई। पुलिस ने बताया, लश्कर के शीर्ष आतंकी मोहम्मद कासिम के खिलाफ भगोड़ा घोषित करने की कार्यवाही भी शुरू हो गई है।

### मानहानि में ठाकरे व शिंदे को पेश होने का निर्देश

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 17 साल पुराने मानहानि मामले में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पेश होने का निर्देश दिया है। ठाकरे को अपना बयान दर्ज कराने के लिए पांच अगस्त को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है, जबकि शिंदे को छह अगस्त को बुलाया गया है।

### बैंक धोखाधड़ी में 94 करोड़ की विदेशी जमा राशि कुर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1,200 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई करते हुए सिंगापुर के बैंक में जमा 94 करोड़ रुपये से अधिक की राशि कुर्क की है। यह कार्रवाई दिल्ली की बासमती चावल निर्यातक कंपनी 'अमीरा प्योर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड' और उसके प्रमोटरों के खिलाफ की गई है।

### सीईसी नियुक्ति मामले में फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) व अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को 2023 के कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के संविधान पीठ के समक्ष भेजा जाए या नहीं, इस मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने साथ ही याचिकाकर्ताओं व केंद्र सरकार को लिखित दलीलें दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### भारतवंशी को अमेरिका से निकालने का आदेश

वाशिंगटन। अमेरिका की संघीय अदालत ने एक भारतीय को वीजा धोखाधड़ी व डकैती की साजिश रचने का दोषी करार देते हुए एक दिन का कारावास और एक हजार डॉलर के जुर्माने की सजा सुनाई। साथ ही उसे देश से निष्कासित करने का भी आदेश दिया। मैसाचुसेट्स के वॉर्सेस्टर निवासी 40 वर्षीय मितुल पटेल को बुधवार को बोस्टन की जिला कोर्ट ने सजा सुनाई। उसे कुछ दुकानों में हथियारों के साथ डकैती का नाटक करने की साजिश रचने के मामले में सजा दी गई।

### 'समर्पण से पहले हसीना को गिरफ्तार करेंगे'

ढाका। बांग्लादेश के कानून मंत्री एम. असदुज्जमां ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत से लौटने पर तुरंत गिरफ्तार किए जाने की संभावना है और उन्हें अदालत में आत्मसमर्पणका मौका नहीं मिलेगा। यह बयान हसीना के उस साक्षात्कार के एक दिन बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अपनी जान को खतरा होने के बावजूद वह दिसंबर तक अपने देश लौटेंगी। इस महीने की शुरुआत में उनके कुछ और साक्षात्कार सामने आए थे, जिनसे पता चला था कि वह अपनी पार्टी के सहयोगियों के साथ इस साल के आखिर तक बांग्लादेश लौटने की संभावना पर चर्चा कर रही हैं।

# मंजूरीः भोजशाला से सटी दरगाह में नमाज होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मुसलमानों को मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला कॉम्प्लेक्स से सटी दरगाह परिसर में शुक्रवार की नमाज पढ़ने की इजाजत दे दी। पीठ ने कहा कि इस निर्देश का मतलब यह नहीं है कि राज्य सरकार और मुस्लिम पक्ष आपसी सहमति से शुक्रवार की नमाज के लिए कोई दूसरी जगह नहीं तलाश सकते।

सीजेआई ने आदेश में कहा कि पिछले आदेश को इस हद तक स्पष्ट किया जाता है कि मुस्लिम समुदाय को शुक्रवार को दोपहर 1-3 बजे के बीच खसरा नंबर 596 वाली जमीन पर नमाज पढ़ने की अनुमति दी जाए, जिसे दरगाह की जमीन बताया गया है। पेश किए गए साइट प्लान की कॉपी से पता चलता है कि वहां तक जाने के लिए रास्ता है और यह जगह उपयुक्त लगती है। पीठ ने 14 जुलाई को, निर्देश दिया था कि जब तक मामले का फैसला नहीं हो जाता, तब तक धार में विवादित जगह के पास नमाज के लिए एक अलग खुली जगह दी जाए।

# 'हॉकी टीम की जर्सी का रंग पहली बार नहीं बदला'

**विवाद**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय टीम की जर्सी का रंग नीले से केसरिया करने पर हॉकी के कई पुराने दिग्गजों ने सवाल उठाए और इसे गलत बताया। साथ ही कहा कि नीली जर्सी भारतीय हॉकी टीम की पहचान थी, जिसे बेवजह या किसी के दबाव में आकर बदल दिया गया।

इन सवालों पर हॉकी इंडिया ने कहा कि ऐसा बदलाव कोई नई बात नहीं है। समय-समय पर जरूरत और दूसरी वजहों के हिसाब से राष्ट्रीय टीम की प्लेइंग किट का रंग बदला जाता रहा है।

उदाहरण देते हुए हॉकी इंडिया ने बताया कि 2014 हॉकी विश्वकप के दौरान टीम की जर्सी का रंग पीला कर दिया गया था और 2018 के विश्वकप में रंग बदलकर आसमानी नीला कर दिया गया था। साथ ही पहले पोशाक की डिजाइन भी पूरी तरह अलग थी। आगे कहा कि जर्सी को केसरिया इस रंग के प्रतीकात्मक महत्व और तकनीक दोनों को ध्यान में रखकर किया गया है।

### जर्सी में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना

इससे पहले हॉकी इंडिया ने अपने सोशल मीडिया पेज पर नई जर्सी का अनावरण करते हुए कहा कि भारत के राष्ट्रध्वज और उगते हुए सूरज से प्रेरित यह जर्सी नई शुरूआत की प्रतीक है। हॉकी इंडिया ने कहा कि जर्सी 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना की परिचायक है।

■ 2014 और 2018 के विश्वकप में भी जर्सी में किए गए थे बदलाव

राष्ट्रीय हॉकी टीम की हाल ही में जारी की गई जर्सी।

1. जर्सी पर 'मंडाला' कला से प्रेरित पैटर्न हैं जो भारत की सांस्कृतिक विरासत दर्शाते हैं।
2. इस पर गहरा नेवी ब्लू रंग अशोक चक्र से प्रेरित है जो प्रगति, शांति का प्रतीक है।
3. छाती पर बना ग्राफिक सुदर्शन चक्र का रूप है, जो ताकत, एकता और गति का प्रतीक है।
4. कंधों और बाजुओं पर तिरंगे की पाइपिंग है, जो राष्ट्रीय गौरव की द्योतक है।
5. आगे के हिस्से पर देवनागरी लिपि में इंडिया लिखा है जो भारत की विविधता को दर्शाता है।
6. टीम के पास केसरिया के साथ इसी तरह की सफेद जर्सी भी होगी।

### किसने क्या कहा

"देश की आत्मा में सत्य, अहिंसा और भाईचारा समाहित है, जिसे कोई बदल नहीं सकता। आजादी की लड़ाई सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर लड़ी गई थी।
-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव

"जर्सी का रंग बदलने के लिए किसी का दबाव नहीं था। यह सिर्फ खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ के अनुरोध पर किया जा रहा है।
-दिलीप टिर्की, अध्यक्ष, हॉकी इंडिया

"केसरिया बनाम हरे रंग से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैदान पर प्रदर्शन मायने रखता है। हम क्रिकेट भी सफेद कपड़ों में खेलते थे। पहचान रंग से नहीं, प्रदर्शन से बनती है।
-कीर्ति आजाद, तृणमूल नेता

# डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू की बैठक में ईरान पर मंथन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच व्हाइट हाउस में 90 मिनट तक चली बैठक। इसमें ईरान, सीरिया और क्षेत्रीय सुरक्षा समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों नेताओं ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने और उस पर दबाव बनाए रखने की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। व्हाइट हाउस ने बैठक को सकारात्मक बताया। वहीं, नेतन्याहू ने इसे ट्रंप के साथ अपनी अब तक की सबसे अच्छी बातचीतों में से एक करार दिया। दोनों नेता ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सूत्रों ने बताया कि बैठक में ईरान पर दबाव बढ़ाने पर जोर दिया गया। वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने बताया, नेतन्याहू ने तेहरान की किसी सार्थक परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर करने की मंशा को लेकर संदेह जताया।

# पूर्वोत्तर से मध्य भारत तक बाढ़, जलभराव का संकट

मप्र के जबलपुर में गुरुवार को बाढ़ में फंसे लोगों की तलाश करती एनडीआरएफ।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में तेज बारिश का दौर जारी है। असम, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में बाढ़ और जलभराव से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। असम में करीब 13 हजार परिवार अब भी बिजली से वंचित हैं।

ओडिशा में छह लाख से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में हैं, जबकि छत्तीसगढ़ में बारिश से जुड़े हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई। आईएमडी ने अगले तीन दिनों तक कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

वहीं उत्तर भारत में अगले कुछ दिन मानसून का असर और तेज रहने वाला है। हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर समेत कई राज्यों में चार अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट है। असम में बाढ़ का कहर अभी भी जारी है। हजारों लोग घर छोड़कर राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं।

**नागालैंड : भूस्खलन से दो भाइयों की मौत, मां घायल :** नगालैंड के मोकोकचुंग जिले में भूस्खलन की चपेट में आने से दो भाइयों की मौत हो गई और उनकी मां घायल हो गई।

### उत्तराखंड : केदारनाथ यात्रा रोकी, बच्चियां बहीं

**देहरादून।** केदारनाथ हाईवे पर सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण गुरुवार को केदारनाथ यात्रा रोक दी गई। करीब 250 यात्रियों को सोनप्रयाग में रोका गया है। उत्तराखंड में कुल 91 सड़कें बंद हुईं। इधर, देहरादून के चलेमटाउन की नई बस्ती में बरसाती नाले में बहने से दो बहनों की मौत हो गई। दोनों के शव बरामद किए गए।

### यूक्रेन पर रूस के हमले में आठ मरे

**कीव।** रूस ने बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात यूक्रेन के पूर्वी से लेकर पश्चिमी हिस्सों तक कई स्थानों पर मिसाइल और अन्य हथियारों से हमले किए, जिनमें आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अफसरों के अनुसार, सबसे अधिक जनहानि पूर्वी निप्रोपेत्रोव्स्क व पश्चिमी लीव क्षेत्रों में हुई। हाल के महीनों में रूस ने यूक्रेन के शहरों पर हमले तेज कर दिए हैं और अबहेसे हमले लगभग हर सप्ताह हो रहे हैं।

# पाक सुरक्षाबलों ने गाड़ी पर बांधकर लड़की का शव घुमाया

**अमानवीयता**

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पीओके में पाकिस्तान सुरक्षा बलों की बर्बरता जारी है। इस बीच खैबर पख्तूनख्वा में अमानवीयता की सारी हदें पार करने का मामला सामने आया है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि पाक सुरक्षाबलों ने एक लड़की की गोली मारकर हत्या कर दी और शव को बख्तरबंद गाड़ी के बोनट पर रखकर घुमाया। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में आक्रोश है। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र तौर पर पुष्टि नहीं हो पाई है। यह वीडियो ऐसे समय में सामने आया है, जब पीओके के रावलकोट व अन्य हिस्सों में भी जनता द्वारा अधिकारों को लेकर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है, दो बख्तरबंद गाड़ी से पाक सुरक्षाबल के जवान गुजर रहे हैं। एक के बोनट पर लड़की का शव रखा है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का आरोप है, दहशत फैलाने के इरादे से इस कृत्य को अंजाम दिया। एक्स पर वीडियो 29 जुलाई को साझा किया गया, पर घटना कब की है, जानकारी नहीं मिल पाई है।

खैबर पख्तूनख्वा में पाक सेना द्वारा गाड़ी पर लड़की का शव बांधकर घुमाने का वीडियो वायरल हो रहा है। ● वीडियो ग्रेब

### इस्लामाबाद में छात्रों का उग्र विरोध-प्रदर्शन

पीओके में जारी तनाव का असर इस्लामाबाद में भी देखने को मिला। यहां कई कॉलेजों के छात्रों ने प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग करने का कड़ा विरोध किया। यह विरोध इस्लामी जमीयत-ए-तलबा द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें दर्जनों छात्रों ने हिस्सा लिया।

### सुरक्षा बलों और जेएएसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

इस्लामाबाद। पीओके में क्षेत्रीय चुनाव के बीच गुरुवार को सुरक्षा बलों और जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। इनमें 37 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, वायरल हो रहे वीडियो में 70 से अधिक लोगों के मारे जाने की सूचना है।

### उमर-महबूबा ने पीओके में प्रदर्शन पर जताई चिंता

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को पीओके की स्थिति पर चिंता जताई। उमर बोले पीओके में प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग करना चिंताजनक है। महबूबा ने कहा, पाक वार्ता का रास्ता चुने।

# एक ही पैनल से पेपर सेट कराने पर हुआ लीक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीट-यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर नया खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा एक ही शिक्षकों के समूह (पैनल) को प्रश्न पत्र तैयार करने और अनुवाद करने का काम सौंप दिया था, जिससे परीक्षा प्रभावित हुई।

सीबीआई ने इस गंभीर खामी के बारे में एनटीए को बता दिया है और संभावना है कि वे इसे अपनी औपचारिक सिफारिशों में भी शामिल करें। नीट परीक्षा की गड़बड़ी वर्ष 2024 के लीक से बिल्कुल अलग थी। वर्ष 2024 में केंद्र प्रभारी की मिलीभगत से पेपर चोरी और प्रसारित हुआ था, जिसके बाद सीबीआई ने एनटीए को सुरक्षा और परिवहन से जुड़े कई सुझाव दिए थे। एनटीए ने इन बदलावों को वर्ष 2025 और 2026 में लागू भी किया, जिसके कारण पेपर लीक नहीं हुआ।

# रूस की आतंकी सूची में टेलीग्राम के संस्थापक पावेल डुरोव

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस ने गुरुवार को टेलीग्राम के संस्थापक पावेल डुरोव का नाम आतंकवादियों और चरमपंथियों की सूची में शामिल कर दिया। इससे एक दिन पहले रूस ने कहा था कि वह डुरोव की गिरफ्तारी चाहता है।

रूस का आरोप है, उन्होंने अपने प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल यूक्रेन की खुफिया एजेंसियों को करने दिया। 41 वर्षीय डुरोव कई वर्षों से रूस से बाहर रह रहे हैं और उनके पास फ्रांस तथा यूएई की नागरिकता है। इंटरनेट पर नियंत्रण बढ़ाने को लेकर उनका कई बार रूसी सरकार से टकराव हो चुका है। इस सूची में शामिल लोगों के लिए रूस के भीतर वित्तीय लेन-देन करना लगभग प्रतिबंधित हो जाता है।



### ऑस्ट्रेलिया में टेलीग्राम पर कानूनी कार्रवाई शुरू

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की ऑनलाइन सुरक्षा नियामक संस्था ने टेलीग्राम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की। ऑस्ट्रेलियाई सरकार का आरोप है, टेलीग्राम ने चरमपंथी और हिंसक सामग्री नहीं हटाई। इनमें अमेरिका के बफेलो व न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में गोलीबारी के वीडियो और आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के वीडियो भी शामिल हैं।

# तनावः नेपाल में सांप्रदायिक हिंसा में तीन मरे

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के भारत से सटे कोशी और मधेस प्रांतों में रविवार रात से जारी सांप्रदायिक तनाव और हिंसा में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर तीन हो गई है। 26 जुलाई की रात कोशी प्रांत के सुनसरी जिले में दो समुदायों के बीच शुरू हुई यह हिंसा इस सप्ताह धीरे-धीरे मधेस प्रांत तक फैल गई।

बिगड़ते हालात को देखते हुए प्रशासन ने कई जिलों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है। ताजा हिंसा गुरुवार को मधेस प्रांत के सिरहा जिले के गोलबाजार में हुई, जहां दो समूहों के बीच झड़प में 15 वर्षीय एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इसके अलावा सुनसरी में रविवार को हुई हिंसा में घायल एक अन्य व्यक्ति की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। हिंसा में जान गंवाने वालों की कुल संख्या अब तीन हो गई है।

अधिकारियों ने तनाव बढ़ता देख मधेस प्रांत के धनुषा, सिरहा, पर्सा और बीरगंज के विभिन्न हिस्सों में कर्फ्यू और निषेधाज्ञा लागू की है। सुनसरी जिले में जहां सोमवार से ही कर्फ्यू लागू था उसे अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया है।

सिरहा के गोलबाजार में विरोध प्रदर्शन के दौरान उपद्रवियों ने एक व्यापारिक परिसर में आगजनी भी की, जिसके बाद कर्फ्यू का दायरा निकटवर्ती क्षेत्रों तक बढ़ा दिया गया। पर्सा जिले के प्रशासन ने बीरगंज महानगर क्षेत्र में पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, जुलूस निकालने और सभा करने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है।

### राष्ट्रपति ने देशवासियों से शांति की अपील की

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए देशवासियों से सामाजिक, धार्मिक और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं, प्रधानमंत्री बालेन शाह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक आयोजित की गई, जिसमें देश की समग्र कानून-व्यवस्था और सुनसरी क्षेत्र की स्थिति की गहन समीक्षा की गई।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा: प्रथम तल, श्री बेशीवाला स्मृति भवन, पीडीआर गॉल के पास, लक्ष्सा रोड, वाराणसी 221010 (यू.पी.) Email: sarvar@bankofbaroda.com, Website: www.bankofbaroda.bank.in, Mob. No.: 9554959534

**विक्रय सूचना**
चल सम्पत्तियां : वाहन
ई-नीलामी सूचना

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणकर्ता / जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित चल सम्पत्ति / बंधक / ऋण समझौते के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूत बंधक मोटर वाहन को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में ले लिया गया है, और वाहन को 'जो है जहाँ है, जो है जैसा है' एवं 'जो कुछ भी है' के आधार पर नीचे उल्लिखित खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए ई-नीलामी/बिक्री की जाएगी। ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/वाहन/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है-

**नीलामी की तिथि : 20.08.2026, समय दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक**
धरोहर राशि (ई.एम.डी.) का भुगतान ऑनलाईन एनईएफटी / ट्रांसफर (वालान निष्पादन के बाद) (https://baanknet.com) के द्वारा दिनांक 20.08.2026 या उससे पहले किया जाएगा।

| क्र. सं. | ऋणकर्ता/जमानतकर्ता का नाम और पता | चल सम्पत्तियों का विवरण | कुल बकाया धनराशि | 1. आरक्षित मूल्य, 2. अग्रिम धनराशि 3. बिड बढ़ोत्तरी राशि | बिड बढ़ोत्तरी राशि जमा हेतु खाता संख्या/आईएफएससी कोड/शाखा | वाहन निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणकर्ता– श्री राजेश कुमार यादव पुत्र श्री राजदेव यादव, पताः एलिया लेबरआ, जौनपुर (उ.प्र.) – 222148 जमानतकर्ता– श्री विजय कुमार सिंह पुत्र श्री इंद्रपती सिंह, निवासीः शिवपुर 10, मकान नं. 46 के एस, महेशपुर, शिवपुर, तरना, वाराणसी (उ.प्र.) – 221003 | Commercial Vehicle - Truck-Tip Trailer/ Articulated Vehicle - BHARATBENZ 5428TT + 4X2 BS VI Chassis No.: MEC862FCAPP132342 Registration No.: UP65LT7974 | ₹ 37,89,858.44 + अन्य शुल्क एवं खर्चे | रू. 15,75,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 1,57,500/- (अग्रिम धनराशि) दिनांक 10.05.2026 रू. 10,000/- (बोली वृद्धि राशि) | खाता संख्या 600700151818869 IFSC BARB0SARVAR शाखा – आर.ओ.एस. ए.आर.बी. वाराणसी | दिनांक 19.08.2026 तक समय 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 2. | ऋणकर्ता– श्री विवेक सिंह पुत्र श्री रविन्द्र प्रताप सिंह जमानतकर्ता– श्री विवेक सिंह पुत्र श्री रविन्द्र प्रताप सिंह सभी निवासीः (1) खालपुर, फरीदाबा, गाजीपुर (उ.प्र.) 233223, (2) फ्लैट नं. टी-3, 1-सी एट बुद्धा एन्क्लेव, आशापुर, वाराणसी (उ.प्र.) – 221007 | Commercial Vehicle- Truck - Tractor Trailer Vehicle - Ashok Leyland Ltd. Bharat Stage VI Chassis No.: MB1T2VLD2PRKJ4618 Registration No.: BR45GB0793 | ₹ 46,52,134.41 + अन्य शुल्क एवं खर्चे | रू. 18,90,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 1,89,000/- (अग्रिम धनराशि) दिनांक 30.04.2026 रू. 10,000/- (बोली वृद्धि राशि) | खाता संख्या 600700151818869 IFSC BARB0SARVAR शाखा – आर.ओ.एस. ए.आर.बी. वाराणसी | दिनांक 19.08.2026 तक समय 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया निम्नलिखित लिंक पर अवलोकन करें www.bankofbaroda.bank.in/e-auction.htm & https://baanknet.com तथा इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी को मो. नं. 9554959534, ई-मेल sarvar@bankofbaroda.com से संपर्क करें।

दिनांक : 29.07.2026 स्थान : वाराणसी
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा